मध्यप्रदेश शासन

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

मंत्रालय, भोपाल

:: आदेश ::

भोपाल दिनांक 14 **.10.2016**

क्र. एफ 17-02/2016/ए-ग्यारह: राज्य शासन द्वारा मेसर्स ट्राइडेंट लि. का लगभग ₹ 1400 करोड़ के स्थाई पूंजी निवेश से बुधनी, जिला सीहोर में कम्पोजिट टेक्सटाइल परियोजना में स्थानीय व्यक्तियों विशेषकर महिलाओं को रोजगार के अवसर, वृहद निवेश, कम्पनी द्वारा कॉपोरेट सोशल रिस्पोन्सबिलिटी अंतर्गत किये जा रहे कार्य तथा प्रदेश में टेक्सटाईल को फोकस सेक्टर का दर्जा दिये जाने के दृष्टिगत कम्पनी को मूलभूत तथा सामाजिक अधोसंरचना विकसित करने के लिये शासकीय भूमि आवंटित करने संबंधी प्रस्ताव पर विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

"कम्पनी द्वारा औद्योगिक परियोजनांतर्गत अनुषांगिक प्रयोजन यथा मूलभूत अधोसंरचना जैसे जल प्रदाय एवं एफ्लूयेंट ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था तथा सामाजिक अधोसंरचना जैसे कर्मचारी आवास, अस्पताल, स्कूल, प्रशिक्षण केन्द्र, विश्रामगृह आदि विकसित करने के लिऐ जिला सीहोर, तहसील बुदनी के ग्राम बेरखेडी में अवस्थित शासकीय भूमि रकबा 18.48 हेक्टेयर एवं ग्राम महुकलां में अवस्थित शासकीय भूमि रकबा 9.928 हेक्टेयर कुल रकबा 27.77 हेक्टेयर अविकसित शासकीय भूमि प्रचलित कलेक्टर गाईडलाईन दर के 25 प्रतिशत दर पर आवंटित की जावे।"

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(मोहम्मद सुलेमान)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

पृ.क्रमांक एफ 17-02/2016/ए-ग्यारह **भोपाल, दिनांक** 14 **.10.2016**

प्रतिलिपि,

1. प्रमुख सचिव (समन्वय), मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि., भोपाल।
4. आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल।
5. कलेक्टर, जिला सीहोर।
6. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम .लि (भोपाल), भोपाल ।
7. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स ट्राइडेन्ट लि., होशंगाबाद रोड, बुदनी जिला सीहोर।

- की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग